**Session- 2023-2024**

**Youth Red Cross Cell**

(वार्षिक रिपोर्ट)

प्रतिवर्ष हमारे महाविद्यालय के Youth Red Cross Cell के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन Youth Red Cross Cell की Convenor डॉ0 सुषमा गर्ग के नेतृत्व में किया जाता है। इस वर्ष इस Cell में 67 छात्राओं ने स्वेच्छा से सैल में नामांकन किया है। युवा रेड कॉस सोसायटी व सैल की स्थापना वर्ष 1970 से युवा छात्राओं को देश व समाज क प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से की गयी है। यह सैल 18 से 25 वर्ष की आयु के छात्राओं के लिए एक समूह आंदोलन है। जिसके अंतर्गत तटस्थता, निष्पक्षता, स्वतंत्रता, स्वैछिक सेवा, एकता व सावभौमिकता के साथ–साथ सेवा व मैत्री के भावों को जागृत करने के उद्देश्य से यह सैल समयानुसार विविध प्रकार की गतिविधियों को आयोजित करवाता रहता है।

यूथ रेड क्रास सेल द्धारा आयोजित गतिविधियाँ

1) 4 सितम्बर, 2023 – 'विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस' के उपलक्ष्य में पोस्टर मेंकिग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

2) 19 सितम्बर, 2023– एक दिवसीय कार्यशाला विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य मुद्दे व स्वास्थ्य जागरूकता

3) 27 सितम्बर, 2023– एक दिवसीय एनीमीया चेकअप कैंप

4) 20–24 नवम्बर 2023– 5 दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा ट्रेंनिग कैंप, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द।

5) 1 दिसम्बर, 2023– 'विश्व एड्स दिवस' के उपलक्ष्य में एक दिवसीय महिलाओं के स्वास्थय संबंधी कार्यशाला

6) 4 फरवरी, 2024– ' विश्व कैंसर जागरूकता दिवस' के उपलक्ष्य में सप्त दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

7) 23 फरवरी, 2024– महिलाओं के स्वास्थय संबंधी कैंसर जागरूकता कार्यशाला

8) 26 फरवरी, 2024–एक दिवसीय नैत्र निरीक्षण कैंप खोखरी ग्राम

9) 11 मार्च, 2024– एक दिवसीय Blood Donation Camp (रक्तदान–मतदान)

10) 8 अप्रैल, 2024– विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में गंगापुत्रा आयुर्वेदिक हस्पताल की डॉ0 टीम द्वारा विस्तार व्याख्यान

11) 8 मई,2024– 'विश्व रेड क्रास डे' के उपलक्ष्य में पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता

इस कड़ी में यूथ रेड कॉस सोसायटी व सैल के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है–

क) 4 सितम्बर, 2023 को सृजनात्मक प्रतिभा का विकास करने हेतु 'विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस' के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बहुत ही ज्ञानवर्धक व सुन्दर पोस्टर बनाए गए। स्लोगन प्रतियोगिता में 8 छात्राओं ने, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 23 छात्राओं ने भाग लिया। नारालेखन प्रतियोगिता में स्नेहा, बी.ए. द्वितीय वर्ष (अनुकमांक 209), सलोनी बी.ए. द्वितीय वर्ष (अनुकमांक 064), सुजाता, बी.ए. तृतोय वर्ष (अनुकमांक 291) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतोय पुरस्कार प्राप्त किया।

ख) दिनांक 19 सितम्बर, 2023 को विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य मुद्दों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चंडीगढ़ से लाइफ स्टाइल ऑफ न्यूट्रीशियन सेंटर की टीम ने शिरकत करते हुए छात्राओं को आहार के साथ– साथ जीवन शैली में बदलाव हेतु प्ररित किया। इस कार्यशाला में लगभग 120 छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

ग) दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को 'भारत विकास परिषद्' भूतेश्वर शाखा जींद के संयुक्त तत्वावधान में एनीमिया चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप में महाविद्यालय की 550 छात्राओं ने अपने खून की जाँच करवाकर विशेषज्ञ डॉ0 की टीम के साथ खून की कमी के कारणों को जानकर दवाईयां भी प्राप्त की।

घ) 20–24 नवम्बर 2023 को चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में आयोजित 5 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप में महाविद्यालय, से यूथ रेड क्रास सेल की कन्वीअर डा0 सुषमा गर्ग व 5 छात्राओं ने शिरकत की। प्रथम दिन विशाल रक्तदान शिविर कैंप में महाविद्यालय की छात्राओं व कन्वीअर डॉ सुषमा गर्ग के द्वारा भी रक्तदान किया गया। डांस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ड़) 1 दिसम्बर, 2023 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महिलाओं व स्वास्थय संबंधी विषयों जैसे माहवारी का कम या अधिक होना हार्मोन असंतुलन जैसी समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर भिवानी से प्रविण मलिक, सीमा रानी व सोनू जांगडा ने स्वास्थय विशेषज्ञ टीम क रूप में शिरकत की व छात्राओं की समस्याओं का उपचार भी प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की लगभग 125 छात्राओं ने भाग लिया।

च) 4 फरवरी, 2024 को 'विश्व कैंसर जागरूकता' दिवस के उपलक्ष्य में 3 फरवरी से 10 फरवरी तक कैंसर जागरूकता संबंधी साप्ताहिक कार्यक्रम आनॅलाईन व आफॅलाईन दोनों माध्यम से आयोजित करवाया गया। इस अभियान में छात्राओं को 'मिसकैलकुलेशन' लघु फिल्म के माध्यम से छात्राओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया तथा छात्राओं को शपथ भी दिलवायी गयी कि वे भविष्य में कभो भी नशीलें पदार्थों का सेवन नहीं करेंगी। इस जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की 39 छात्राओं ने लघु

फिल्म देखकर अपने फीडबैंक प्रस्तुत किए। 66 छात्राओं ने शपथ कार्यक्रम में भाग लेकर कहा कि वे कैंसर के प्रति स्वंय भी जागरूक रहेंगी व समाज में भी कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान चलाएगी।

छ) दिनांक 23 फरवरी, 2024 को संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 'महिलाओं का स्वास्थय व कैंसर जागरूकता' विषय किया गया। इस कार्यशाला में डॉ0 रजनीश जैन प्रसिद्ध गायनोकोलिस्ट जोकि स्टेट प्रधान के पद पर नियुक्त है। उन्होंने महाविद्यालय में शिरकत कर छात्राओं क स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण किया।

ज) दिनांक 26 फरवरी, 2024 को गोद लिए ग्रम खोखरी में नेत्र निरिक्षण कैंप का आयोजन सिविल अस्तपताल जींद के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कैंप में महाविद्यालय की 60 छात्राओं व 59 गामीणों ने अपने नेत्रों की जाँच करवाकर दवाईयां प्राप्त की।

झ) दिनांक 11 मार्च, 2024 J.C.I. Central, जींद के सयुंक्त तत्वावधान में यूथ रेड क्रास सेल के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर में महाविद्यालय की लगभग 60 छात्राओं ने भाग लेकर 'रक्तदान–महादान' की परिभाषा को भली प्रकार से सुपरिभाषित करके अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर यूथ रेड क्रास डा0 सुषमा गर्ग के द्वारा भी रक्तदान किया गया।

ण) दिनांक 8 अप्रल, 2024 को गंगायुत्रा आयुर्वेदिक अस्तपताल के सयुंक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थय दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप में डॉ0 मंजू एम.डी. आयुर्वेदा, डा0 नेहा एम.एस. आयुर्वेदा में विशेषज्ञ डॉ0 टीम के रूप शिरकत की तथा महाविद्यालय की छात्राओं क स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण किया। इस कैंप में महाविद्यालय की 146 छात्राओं भाग लिया व 10 स्टाफ सदस्यों के द्वारा अपना चेकअप करवाकर दवाईयां प्राप्त की।

ट) दिनांक 8 मई, 2024 को 'विश्व रेड क्रास डे' के उपलक्ष्य में आनॅलाईन पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 26 छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता 'इंसानियत अभी जिंदा है' विषय पर करवाई गयी। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विजेता छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

उपरोक्त सभी गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 पूनम मोर के कुशल नेतृत्व में संयोजिका डॉ0 सुषमा गर्ग व सहसंयोजिका श्रीमती आरती सैनी के सहयोग के कारण ही संपन्न हुआ है। इन सभी गतिविधियों के आयोजन से महाविद्यालय की अनेकों छात्राओं की न केवल सृजनात्मक प्रतिभा निखरकर सामने आई अपितु स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी छात्राओं को प्राप्त हुए।

डॉ0 सुषमा गर्ग<br>
इंचार्ज,यूथ रेड कॉस सैल